पंजाब केसरी 14/09/2024

जी.एम.एन. कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ शानदार आगाज

अम्बाला, 13 सितम्बर (बलराम) : छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शुक्रवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के लिए कविता, भाषण, मोनो एक्टिंग, मिमिक्री, पेंटिंग और क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह स्पर्धा विद्यार्थियों के छिपे हुए कौशल को सामने लाने का एक बेहतरीन प्रयास है। वह आशा करते हैं कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वास तथा अपनी कला को और बेहतर बनाने की प्रेरणा देंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विजेताओं और आयोजन समिति को उनकी कड़ी मेहनत एवं समर्पण के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. मंजीत कौर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों के मानसिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में जी.एम.एन. कालेज की पूर्व छात्रा अंजलि वधावन एवं उमेश शर्मा के अलावा डा. कृष्ण कुमार, डा. नियति, डा. अनुपमा सिहाग, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. नीना, डा. अंशु चौधरी, कमलेश कुमारी, डा. रितु गुप्ता, डा. ज्योति, प्राध्यापिका महक एवं सुजाता आदि भी मौजूद रहे।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के विजेताओं को प्रोत्साहित करते प्राध्यापक। (देवदत्त)

इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शाइन राय और सुहाना राव की टीम, द्वितीय स्थान वरिंदरजीत सिंह एवं आदर्श की टीम और तृतीय स्थान अलीशा एवं मीरा की टीम ने हासिल किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, द्वितीय स्थान मोहम्मद आसिफ खान एवं तृतीय स्थान शिफा शेख ने प्राप्त किया। कविता पाठ में प्रथम स्थान पर रविंद्र कौर रही तो द्वितीय स्थान नेहा एवं तृतीय स्थान निधि ने हासिल किया मिमिक्री में नेहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। मोनो एक्टिंग में खुशी कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में दीपांशु ने प्रथम स्थान, अंशिका ने द्वितीय स्थान और निधि ने तृतीय स्थान हासिल किया।